कृषि विज्ञान केन्द्र, बारां
KRISHI VIGYAN KENDRA, BARAN
प्रसार शिक्षा निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION, AGRICULTURE UNIVERSITY, KOTA
अन्ता–बारां– 325 202 (राजस्थान)
ANTA-BARAN-325 202 (RAJASTHAN)

Dr. Banwari Lal
Senior Scientist and Head

भाकृअनुप
ICAR

Ph. No. - 07457-244862 (O) Fax No-07457-244862, E-mail : kvkanta@gmail.com, kvkanta@aukota.org

No. 22 (2)/AUK/ KVK/Baran/Food Tendar/2025-26/ 2536 Date : 25.07.2025

## खुली भोजन निविदा सूचना वर्ष 2025–26

केन्द्र द्वारा आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण व अन्य कार्यक्रमों में चाय, नाश्ता व भोजन व्यवस्था कार्य हेतु फर्म या व्यक्ति से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य की वार्षिक अनुमानित लागत 4.50 लाख रूपये है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.08.2025 को दोपहर 12.30 बजे से रू. 700/– शुल्क में कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://aukota.org तथा http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करके भी प्राप्त कर सकते है। पूर्ण भरी हुई निविदा आवश्यक दस्तावेज व धरोहर राशि रूपये 9000/– डीडी/नगद के साथ दिनांक 12.08.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है। प्राप्त निविदाएं 12.08.2025को दोपहर बाद 1.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। कृषि विश्वविद्यालय कोटा व राज्य लोक उपापयन पोर्टल से डाउनलोड निविदा जमा कराते समय निविदा शुल्क 700/– रूपये तथा धरोहर राशि 9000/– इस प्रकार कुल 9700/– रूपये डीडी अथवा नगद जमा कराकर रसीद निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा बिना धरोहर राशि के मान्य नहीं होगी तथा निरस्त कर दी जाऐगी।

25.7.25
(वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)
Senior Scientist Head
Krishi Vigyan Kendra Anta (Baran)

प्रपत्र–1

भोजन टेण्डर फार्म संख्या 2025–26/................

क्रमांक –22 (2)/ए.यू.के/केवीके/बारां/भोजन निविदा/2025–26/2536 दिनांकः 25/7/2025

## निविदा प्रपत्र

**सेवा में**

श्रीमान् वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

कृषि विज्ञान केन्द्र अन्ता (बारां)

**द्वारा–**

निविदादाता/फर्म का पूरा नाम : ......................................................................

पता : ......................................................................

पेन नम्बर : ......................................................................

मोबाईल नम्बर : ......................................................................

श्रीमान्

मै/हम कृषि विज्ञान केन्द्र अन्ता पर प्रशिक्षणार्थियों को चाय, नाश्ता एवं भोजन व्यवस्था अनुबंध से संबंधित सभी सामान्य सूचनाऐ, अन्य नियम व शर्ते पढ़ चुके है व मै/हम संलग्न सूची व निविदा शर्तो के अनुसार अपनी सेवाए देने हेतु सहमति प्रदान करता/करते हैं। मै/हम अनुबंध करने के नियम व शर्तो को समझ चुके है व हम आपकी जरूरत के अनुरूप उत्तम सेवाए देंगे। इस निविदा हेतु मेरे द्वारा संलग्न किये गये सभी प्रपत्रों पर मेरे हस्ताक्षर एवं फर्म की मोहर अंकित है। निविदा के साथ अमानत राशि 9000/– (नगद/डीडी)/रसीद संख्या.......................... दिनांक .............द्वारा जमा करा दिया गया है। इस निविदा के संबंध में निम्न पत्र .......................... ................................................................................................................................ संलग्न किये जा रहे है।

साक्षी का नाम व हस्ताक्षर

पता..............................................

...................................................

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर

पता..............................................

...................................................

Senior Scientist Head

Krishi Vigyan Kendra Anta (Baran)

प्रपत्र–2

भोजन टेण्डर फार्म संख्या 2025–26/.................

क्रमांक –22 (2)/ए.यू.के/केवीके/बारां/भोजन निविदा/2025/2536 दिनांक 25/7/2025

**निविदा फार्म शुल्क 700/–**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा क्रमांक –22 (2)/ए.यू.के/केवीके/बारां/भोजन निविदा/2025–26/........................ दिनांक .................................. द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित प्रशिक्षणों में प्रशिक्षणार्थियों को चाय, नाश्ता व भोजन व्यवस्था हेतु निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न सारणी में अपनी दरे अंकित करे।

**निविदा के नियम व शर्ते**

1. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता/संस्था के पास खाद्य लाइसेंस (FSSAI), वैध पेन नम्बर होना चाहिए। (सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करे)
2. वर्ष 2025–26 में केन्द्र द्वारा अथवा प्रायोजित प्रशिक्षणों में भोजन व नाश्ता मद में अनुमानित राशि 4.50 लाख रूपये होना संभावित है।
3. निविदादाता को 2 प्रतिशत धरोहर राशि 9000/– (अक्षरे नौ हजार रूपये मात्र) निविदा प्रपत्र के साथ नगद अथवा डीडी द्वारा कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र अन्ता के नाम कार्यालय में जमा कराने होंगे। कृषि विश्वविद्यालय कोटा की वेबसाईट से डाउनलोड निविदा जमा कराते वक्त निविदा शुल्क 700 रूपये तथा धरोहर राशि 9 हजार रूपये, इस प्रकार कुल 9700 रूपये की डीडी अथवा नगद जमा कराकर रसीद निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा बिना धरोहर राशि के निरस्त कर दी जाऐगी। असफल निविदादाताओं को धरोहर राशि निविदा के पूर्ण होने पर लौटा दी जाऐगी। सफल निविदादाता स्वीकृत कार्य आदेश करने से मना करता है या वह अपने प्रस्ताव से पीछे हटता है तो उसकी धरोहर राशि जप्त कर ली जाऐगी।
4. सफल निविदादाता की निविदा स्वीकृति पश्चात कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र अन्ता के साथ 100 रूपये के स्टाम्प पर एग्रीमेन्ट प्रस्तूत करना होगा तथा टेण्डर की शेष 3 प्रतिशत धरोहर राशि 13500 रूपये जमा करानी होगी।
5. संलग्न प्रपत्र के साथ निविदा प्रपत्र में जो दरे देंगे वह प्रति डाईट प्रति व्यक्ति के आधार पर देंवे।
6. निविदा फार्म में किसी पार्टी द्वारा अलग से दी गई शर्ते मान्य नहीं होगी तथा सफल निविदादाता को 31 जुलाई 2026 तक कार्य करना होगा।
7. निविदादाता के निविदा व प्रत्येक पृष्ठ पर पूर्ण हस्ताक्षर होने चाहिए।
8. निविदादाता को रसोई गृह, भोजन स्थल व संबंधित क्षेत्र को व्यवस्थित व साफ सुथरा रखना होगा।
9. भोजन व अन्य खाद्य पदार्थो को स्वच्छ वातावरण में तैयार करना होगा।
10. भोजन पकाने हेतु कच्चा सामान एगमार्क ब्राण्ड का होना चाहिए। शुद्ध मूंगफली का तेल व देशी घी का ही प्रयोग करना होगा। खाना खाने से किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
11. व्यक्ति जिसके नाम पर निविदा खुली है, उसे ही भोजनशाला चलानी होगी। निविदादाता किसी अन्य को अनुबंध स्थानान्तरित नहीं कर सकेगा।
12. निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी की वह मजदूरी व भोजन के विधि नियमों की पालना कठोरता से करें।
13. निविदादाता को खाना पकाने हेतु व्यवसायिक गैस का उपयोग करना होगा।
14. निविदादाता को अवकाश के दिन भी आवश्यकतानुसार भोजन व्यवस्था करनी होगी।
15. निविदादाता की सेवाऐ असंतोषप्रद पाये जाने पर केन्द्र निविदादाता को 15 दिन का नोटिस देकर उसकी निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

Senior Scientist Head
Krishi Vigyan Kendra Anta (Baran)

16. निविदादाता द्वारा वांछित पूर्ण जानकारी न दिये जाने पर निविदा को निरस्त किया जा सकता है।
17. अनुबंध के किसी भी संबंध में कोई मतभेद होने पर केन्द्र के पदाधिकारियों द्वारा दिया गया निर्णय ही अन्तिम माना जाऐगा।
18. भोजनशाला व रसोई गृह में जल, बिजली आपूर्ति केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराई जाऐगी, जिसे खाना पकाने के उपकरणों में उपयोग नही लिया जायेगा, बिजली उपयोग के लिए निविदादाता को प्रति प्रशिक्षण दिवस 200 रूपये तथा प्रशिक्षणार्थी की संख्या 100 से अधिक होने पर 400 रूपये किराया देना होगा।
19. भोजन परोसने हेतु साफ बर्तनों का उपयोग करना होगा। संभवतया थाली, प्लेट ही काम में लेवे। गलने योग्य डिस्पोजल का उपयोग न्यूनतम करें तथा प्लास्टिक/पॉलिथीन डिस्पोजल का उपयोग पूर्णतः निषिद होगा। डिस्पोजल को उपयोगोपरान्त उसी दिन निस्तारण की जिम्मेदार ठेकेदार की होगी।
20. महिला प्रशिक्षणार्थी के साथ आने वाले 5 वर्ष से कम बच्चे को भी भोजन देना होगा। जिसका अतिरिक्त चार्ज नहीं होगा।
21. निविदादाता भोजन पकाने व परोसने हेतु आवश्यक संख्या में कार्मिकों की व्यवस्था करेगा जो शिष्ठ एवं सभय हो।
22. प्रति प्रशिक्षणो में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों की संख्या के बारे में निर्धारित समय में अवगत करवा दिया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों की संख्या निर्धारित मापदण्डों के कम होने पर प्रशिक्षण निरस्त किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में किसी प्रकार का भुगतान निविदादाता को नही किया जायेगा।
23. निविदा फ़ॉर्म कृषि विज्ञान केन्द्र अन्ता पर दिनांक 12/08/2025 को दोपहरः 1.00 बजे तक जमा कराना आवश्यक है। इसके बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं तथा निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का पत्र शामिल नहीं किया जाऐगा। निविदाऐं उसी दिन दोपहर 01.30 बजे निर्धारित निविदा कमेठी द्वारा खोली जाऐगी।
24. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्याय क्षेत्र अन्ता होगा।
25. दर में आप द्वारा देय सभी कर शामिल होंगे। आवश्यक कर जमा कराने की जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी। केन्द्र को नियमानुसार सरकार द्वारा घोषित आयकर/अन्यकर कटोती करने का अधिकार होगा। भुगतान चैक/नेफ्ट द्वारा किया जाऐगा।
26. न्यूनतम 3 वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न करने होगें एवं फर्म जीएसटी पंजीकृत ही स्वीकार की जायेगी। इसकी अभाव में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
27. कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र अन्ता को यह अधिकार होगा की वह निविदा को बिना कारण बताऐ निरस्त कर सके।

हस्ताक्षर निविदादाता

Senior Scientist Head
Krishi Vigyan Kendra Anta (Baran)

प्रपत्र–3

भोजन टेण्डर फार्म संख्या 2025–26 / ................

क्रमांक –22 (2) / ए.यू.के / केवीके / बारां / भोजन निविदा / 2025 / 2536 दिनांक : 25/07/2025

## प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दी जाने वाली भोजन की दर

| क्र. सं. | विवरण | दर / डाइट / व्यक्ति |
|---|---|---|
| **अ) भोजन सामग्री** | | |
| 1. | पुडी / रोटी, चावल, दाल व सूखी सब्जी | |
| 2. | चुपड़ी रोटी, स्पेशल सब्जी (मटर पनीर, शाही पनीर आदि), दाल फ्राई, सूखी सब्जी, दही का रायता, पुलाव, सलाद (टमाटर, नींबू, प्याज, मूली, खीरा), पापड़, गुलाबजामुन 2 पीस (100 ग्राम) एवं आईसक्रीम कप | |
| 3. | खीर, पुडी, पकौडी व सब्जी मिक्स (लिपटवां) आलूछोला / आलूमटर / गोभीमटर | |
| 4. | कत, बाफला, पुलाव, चटनी, दाल, कडी या बेसन गट्टा सब्जी, सलाद (टमाटर, नींबू, प्याज, मूली, खीरा) | |
| 5. | भोजन डिब्बा पैक–पुडी–10 या 300 ग्राम, सूखी सब्जी–1, अचार, बून्दी / मोतीचूर लड्डू–1पीस, नमकीन 25 ग्राम पैकिट | |
| **ब) नाश्ता** | | |
| 1. | खोआ मिठाई (स्पेशल) 1 पीस (40 ग्राम), कचोरी / समोसा–1 नग, आलू चिप्स–10 ग्राम, बिस्किट 2 पीस, चाय (150 एमएल), फल 1 नग (केला, चिकू, संतरा) | |
| 2. | पोहा फुल प्लेट, जलेबी 100 ग्राम, चाय (150 एमएल) | |
| 3. | कचोरी / समोसा–1 नग, इमरती 1 नग व चाय (150 एमएल) | |
| 4. | कचोरी / समोसा 1 नग | |
| 5. | चाय (150 एमएल) | |

उपरोक्त निविदा फार्म मै अपने खुले दिमाग व होश–हवाश से दरे भर कर दे रहा हूं तथा निविदा फार्म के साथ संलग्न शर्ते मुझे मंजूर है तथा मीनू के अनुसार चाय, नाश्ता व भोजन देने के लिए मैं पाबंद रहूंगा।

हस्ताक्षर निविदादाता

मय फर्म के रबर स्टाम्प के साथ

Senior Scientist Head

Krishi Vigyan Kendra Anta (Baran)